# लोकमंगल की भावना से करें एआई का उपयोग : तिवारी

## पीआरएसआई द्वारा लोक संपर्क सम्मान सहित 24 महिलाओं को दिया अचला/उदिता सम्मान

**भोपाल । समाज के अनेक क्षेत्रों में आज एआई का भरपूर उपयोग होने लगा है लेकिन इसका सारा नियंत्रण समाज के ही हाथ में है। बस हमें इतना ध्यान रखना होगा कि जहां भी इसका उपयोग करें तो लोकमंगल की भावना के साथ करें।**

यह बात माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर विजय मनोहर तिवारी ने रविवार को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित व्याख्यान एवं सम्मान समारोह के दौरान विशेष अतिथि के रूप में कही। रिस्पांसिबल यूज आफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोल ऑफ़ पब्लिक रिलेशन विषय पर आयोजित व्याख्यान में उन्होंने कहा कि आज खेती किसानी में भी एआई का उपयोग होने लगा है जिससे पेड़ पौधों के स्वभाव को समझने में आसानी हुई है। इसी तरह से मीडिया के क्षेत्र में भी खूब प्रचलन हो रहा है लेकिन हमें इतना ध्यान रखना होगा की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई हमारे द्वारा दिए गए कंटेंट पर ही काम करता है इसलिए हम जितनी सूझबूझ और बुद्धिमत्ता के साथ कंटेंट जारी करेंगे एआई भी उसी तरह से काम करेगा और सुखद परिणाम देगा। भारत ज्ञान का स्रोत है और हमारे ऋषि मुनि वाल्मीकि, वेदव्यास जी सबसे बड़े कंटेंट निर्माता है। हमें इस ज्ञान को विज्ञान के साथ मिलकर लोक कल्याणकारी परिणाम हासिल करने हैं तभी एआई का उपयोग सार्थक होगा। इससे पूर्व वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषण श्री गिरजा शंकर ने एआई पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एआई का उपयोग हम अपनी जरूरत के हिसाब से करें तो बेहतर होगा। जब टेलीविजन आया तो कहा कि अखबार बंद हो जाएंगे, गूगल- इंटरनेट आया तो कहा की टीवी- रेडियो बंद हो जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए एआई से भी घबराने की जरूरत नहीं है, अपना काम ईमानदारी से करते रहें।



कार्यक्रम में युवा पत्रकार व पीआरएसआई के कोषाध्यक्ष केके शुक्ला की किताब डिजिटल जर्नलिज्म का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन महेश सोनी ने किया। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ़ इंडिया भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 24 महिलाओं को अचला/उदिता सम्मान प्रदान किया गया तथा जनसंपर्क के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अपर संचालक जनसंपर्क संजय जैन को लोक संपर्क सम्मान से अलंकृत किया गया। अंत में माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुल सचिव अविनाश बाजपेई आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार, बुद्धिजीवी तथा संचार कर्मी उपस्थित थे।

# समाज में एक सकारात्मक क्रांति का वाहक बना गया है सीसीएफः पटेल

**भोपाल। सेवा और उच्च विचार में वह ताकत होती है, जिससे ईश्वर भी प्रभावित हो जाते हैं। इन्हीं पवित्र और सशक्त विचारों के साथ चाइल्ड कन्जर्वेशन फाउंडेशन की नींव रखी गई थी। आज यह फाउंडेशन समाज में एक सकारात्मक क्रांति का वाहक बनता जा रहा है।**

जब लोग किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए एकजुट होते हैं, तो एक महान संगठन की नींव अपने आप तैयार हो जाती है। आज श्रेष्ठ विचारों के साथ काम करने वालों की संख्या कम होती जा रही है। लेकिन अगर हम सब मिलकर काम करें, तो न केवल समाज बदलेगा, बल्कि बच्चों का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने देश को गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालने का जो कार्य किया है, वह प्रेरणास्पद है।



उक्त बात प्रदेश शासन के मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने चाइल्ड कन्जर्वेशन फाउंडेशन द्वारा रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भोपाल में आयोजित दो दिवसीय 250वें राष्ट्रीय वेबिनार के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चाइल्ड कन्जर्वेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने कहा कि सेवा के लक्ष्य को लेकर पांच साल पहले शुरू हुआ हमारी संस्था का कारवां आज बढ़ता जा रहा है।

## लोको पायलटों की कार्य स्थितियों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास

**भोपाल।** भारतीय रेलवे के समर्पित लोको पायलट भारतीय रेल परिचालन व्यवस्था की रीढ़ हैं, जो देशभर में यात्री एवं मालगाड़ियों को सुरक्षित, समयबद्ध एवं कुशलता से उनके गंतव्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके कार्य वातावरण को और अधिक सहज, सुरक्षित और सुविधा युक्त बनाने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा अनेक पहलें की जा रही हैं, जिसमें पश्चिम मध्य रेलवे अग्रणी भूमिका निभा रहा है। वर्ष 2024-25 के दौरान पश्चिम मध्य रेलवे ने लोको पायलटों की सुविधा के लिए 27 और लोकोमोटिव्स में वातानुकूलन सुविधा प्रदान की है। इस प्रकार, मार्च 2025 तक कुल 562 लोको को एयर कंडीशनर से सुसज्जित किया जा चुका है। यह सुविधा न केवल गर्मी में राहत देती है, बल्कि लंबे समय तक ट्रेनों का संचालन करते समय ड्राइवर की एकाग्रता और दक्षता को भी बनाए रखती है।

रेलवे द्वारा लोकोमोटिव्स की केबिनों को एर्गोनोमिक सीटों और आधुनिक तकनीकों से युक्त कर उन्हें क्रू फ्रेंडली बनाया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे के तहत 858 लोकोमोटिव्स को क्रू-फ्रेंडली कैबिन के रूप में विकसित करने की दिशा में सतत कार्य जारी है। लोको पायलटों की दक्षता और प्रतिक्रिया समय को बेहतर बनाने के लिए सिम्युलेटर आधारित प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है।

# आईजीआई शो में एकजुट हुईं डायमंड इंडस्ट्री की सभी मशहूर हस्तियाँ

**भोपाल। इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (आईजीआई) की ओर से आयोजित आईजीआई डी शो-2025 के 21वें संस्करण ने आज आईकॉनिक जियो वर्ल्ड सेंटर में अपनी भव्यता से सबका मन मोह लिया। 3 दिनों तक चलने वाले इस शो ने एक बार फिर से भारत के प्रीमियम एक्सक्लूसिव डायमंड शो की अपनी परंपरा को दोहराया।**



हमेशा की तरह, इस बार भी आईजीआई डी शो ने इस क्षेत्र में व्यवसाय के विकास के साथ-साथ पूरी इंडस्ट्री में लंबे समय तक कायम रहने वाले जुड़ाव को बढ़ावा दिया। ये डायमंड एग्जिबिशन बेहद खास होने के साथ-साथ भारत के रत्न एवं आभूषण उद्योग के लिए सबसे महत्वपूर्ण आयोजन है, जो प्रमुख हीरा निर्माताओं और लक्जरी/बेहद महंगे रिटेल ब्रांड्स के बीच ऐसे संबंधों को बढ़ावा देता है, जो मायने रखे। मुंबई में पहली बार इस प्रदर्शनी का आयोजन बेहद शानदार और सफल रहा है, जिसने अपनी चमक बिखेरने से आगे बढ़कर उद्देश्यपूर्ण संबंधों को और मजबूत किया है। इस आयोजन ने सुनियोजित तरीके से साझेदारी करने, उद्योग जगत की बहुमूल्य जानकारी का आदान-प्रदान करने और उभरते अवसरों का पता लगाने के लिए एक प्रभावशाली मंच की भूमिका निभाई है, जिसने हीरे के कारोबार में इनोवेशन और विकास को लगातार आगे बढ़ना जारी रखा है।

## नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की बड़े विस्तार की योजना

भोपाल। एनएसई और बीएसई लिस्टेड नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज जो प्रीमियम क्वालिटी टूटी फ्रूटी, ड्राई फ्रूट्स और डिहाइड्रेटेड फ्रूट्स के निर्माण और निर्यात में संलग्न है, ने अब ड्रिंक्स और बेवरेज सेगमेंट में विस्तार की रणनीतिक घोषणा की है। कंपनी अब मिनरल वॉटर, एरेटेड ड्रिंक्स और नॉन-अल्कोहॉलिक बेवरेज जैसे उत्पादों को अपनी रेंज में शामिल करेगी। यह कदम कंपनी की उत्पाद विविधीकरण और बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। कंपनी फूड एंड बेवरेज इंडस्ट्री में फलों, नट्स, बेकरी उत्पादों और विभिन्न कृषि उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण और व्यापार में सक्रिय है। इसके अलावा, कंपनी अपने नए बेवरेज उत्पादों को 'नोकंट्रोल' ब्रांड नाम से लॉन्च करेगी। रणनीतिक रूप से नागपुर में स्थित अपने मुख्यालय के साथ—जिसे भौगोलिक रूप से भारत का हृदय माना जाता है—कंपनी को राष्ट्रव्यापी कुशल और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने में लॉजिस्टिकल लाभ प्राप्त है। नाकोडा मिडिल ईस्ट और यूरोपीय देशों में एक प्रमुख निर्यातक है और दुनिया भर में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की आकांक्षा रखता है।

# सुरमाला म्यूजिकल ग्रुप ने पेश की म्यूजिकल इविनिंग



**भोपाल (काप्र)।** सुरमाला म्यूजिकल ग्रुप ने रविवार की शाम म्यूजिकल प्रोग्राम पेश किया। लगभग 30 गायक, गायिकाओं ने नब्बे के दशक के सुमधुर गीत प्रस्तुत किए। कविता कृष्णमूर्ति,कुमार शानू,अलका याग्निक ,साधना सरगम एस पी बाला सुब्रह्मण्यम, लता मंगेशकर के गाए गीत प्रस्तुत किए गए। मोना सक्सेना ने गायक गायिकाओं का स्वागत किया। अतिथि अशोक मनवानी ने गीतों के रचनाकारों की खूबियों पर चर्चा की। कार्यक्रम बावड़ियां कला स्थित एक रेस्टोरेंट में हुआ।

प्रमुख रुप से जो गीत गाए गए उनमें तेरी उम्मीद तेरा इंतजार करते हैं....ऐसी दीवानगी देखी नहीं कहीं... तू शायर है,मैं तेरी शायरी...तुम मिले दिल खिले...वादा रहा सनम होंगे न जुदा हम... शामिल हैं।

## सूडोकु नवताल- 7398

✶✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल 7397 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## काकुरो पहेली - 7077



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 7076 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8465



**बाएँ से दाएँ**

1. रुद्र, शिव, भैरव-4
4. आयुर्वेद के जनक-3
6. भीगा हुआ-2
7. ताला(अंग्रेजी-2)
9. शेविंग करना -4
11. योग्य, अनुरूप-3
12. अल्सर-3
13. ज्वालामुखी से निकला गर्म द्रव-2
14. नमाज पढ़ने से पहले हाथ- पांव धोना-2
15. नाप जोख करना-3
17. अनुमान लगाना-3
19. उदारता, बड़प्पन-4
21. गाथा, कहानी -2
23. जनकपुत्री-2
24. जिज्ञासा, उत्साह-3
25. राजा, सम्राट- 4

**ऊपर से नीचे**


1. इच्छुक, अलमस्त-4
2. मात, पराजय-2
3. बोलने का तरीका-3
4. अचंभित-3
5. आर्ट, हुनर-2
8. गुनाह, अपराध-3
9. अटक-अटक कर बोलना-4
10. सरुर, खुमार, नशा, घमंड-2
12. नजाकत-4
15. अभिनेता, कप्तान-3
16. आनंद बोधक शब्द-2
18. सम्राट, राजा-4
19. व्यंग, परिहास-3
20. मुलायम-3
22. परात, बड़ी थाली-2
23. हलवा, एक मिष्ठान्न-2

### शब्द पहेली -8464 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6895



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरूद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं ऑचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़ें' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरूद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 6894

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मृ | त | | गु | प्त | | दी | | घा |
| क्स | | ह | म | ला | | अ | दा | ल | त |
| | खे | ल | | म | न | | र | | क |
| सं | | का | का | | गी | ता | | जू | |
| घ | र | | ज | मा | ना | | श्र | ही | द |
| र्ष | | मि | ल | न | | | र्मि | | ट्रे |
| | ज्वा | ला | | अ | ल | बे | ला | | न |
| झु | | प | | भि | | टा | | औ | |
| म | र्द | | | मा | ला | | | जा | न |
| रू | | अ | र्जु | न | | पु | का | र | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 7004

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 5 | | 1 | |
| | 27 | | 33 | | 38 | 3 |
| | 4 | 1 | | 7 | | |
| 7 | 27 | | 35 | | 38 | 2 |
| 2 | | 3 | | 6 | | 4 |
| 4 | 27 | 5 | 35 | | 27 | |
| | | 4 | 7 | 1 | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7003 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 33 | 7 | 40 | 6 | 34 | 6 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 4 | 27 | 5 | 34 | 1 | 29 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 25 | 6 | 30 | 3 | 38 | 4 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 2 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 8004

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | य | न | ला | रा | द | जै | क्स | का | लि | स |
| दा | वि | ल | ग | व | रा | हु | ल | द्र | वि | ड़ |
| गि | म | हे | ला | ज | य | व | र्ध | ने | क | क |
| री | इं | र | स | चि | न | तें | दु | ल | क | र |
| मै | खु | ज | कु | लू | लं | का | यु | ग | व | ए |
| थ्यू | द | ल | मा | य | ख | पू | व | हि | र | ड |
| है | लो | म | र | म | प | र | रा | र | र | म |
| ड | र्ज | ल्जा | सं | धा | उ | क | ज | लो | श | गि |
| न | बा | म | ग | ब्रा | ह | ल | सिं | श | प | ल |
| तें | दु | आ | का | व | जी | र्त | ह | बें | हा | क्रि |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | गा | य | क | प | स्ट |

शब्द जाल में 10 शीर्ष बल्लेबाजों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, एडम गिलक्रिस्ट, राहुल द्रविड़, मैथ्यू हैडन, महेला जयवर्धने, इंजमाम उल हक, कुमार संगकारा, जैक्स कालिस, युवराज सिंह

### शब्दजाल - 8003 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | आ | स्ट्रे | लि | या | ह | ट | झ | क | अ |
| छ | क | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | मे |
| ट | र | ना | झि | दा | इ | सिं | बे | ला | ल | रि |
| प | म | दा | ब्र | ल | क | डो | हा | दा | र | का |
| व | रा | र | ष | हा | मि | री | ने | स | र | ट |
| ह | ह | प | व | पे | ह | ला | ती | शि | न | ती |
| भा | र | त | अं | रू | स | ट | ह | ला | या | क |
| बा | जी | वा | ला | क | छ | सौ | न | कों | जू | ट |
| स | थो | तें | ब्रा | जी | ल | दा | ने | गो | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| ची | न | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore